दिन– गुरूवार    दिनांक– 21/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान महत्वकांक्षी औंटा–सिमरिया पुल परियोजना समेत तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा – दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के विभिन्न भागों से प्रमुख शहरों के लिए बारह हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई जायेंगी।

04. और, प्रदेश भर में प्रधानमंत्री जन–धन खातों के सत्यापन के लिए चलाया जा रहा है अभियान। लाभुकों से तीस सितम्बर तक केवाईसी कराने की अपील।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान ऊर्जा, परिवहन, रेल, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़ी तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन की शुरुआत भी करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री बक्सर में थर्मल पावर प्लांट और मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का भी लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी अविरल गंगा के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मुंगेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दौरे को लेकर अपनी उत्सुकता सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से साझा की है। श्री मोदी ने कहा है कि वे कल गयाजी की धरती पर होंगे। जहां राज्य के विकास की कई योजनाओं की नींव रखी जाएगी और कई

परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। उन्होंने कहा कि औंटा–सिमरिया पुल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपकर्ता बढ़ाने वाला लैंडमार्क प्रोजेक्ट है।

---

इधर, गयाजी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से––

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। एसपीजी ने पूरे इलाके को अपनी सुरक्षा घेरे में ले लिया है। सुरक्षा कर्मियों ने आज मंच, हेलिपैड समेत सभा स्थल का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मॉक ड्रिल भी किया गया। इधर, जिला प्रशासन समारोह स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में सुरक्षा और सुविधा की खास व्यवस्था में जुटा हुआ है। शहर के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। सभा में शामिल होने वाले लोगों की अनुमानित भारी भीड़ को देखते हुए कल गया शहर में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

---

पटना के मोकामा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच कल से देश का सबसे चौड़ा सिक्स लेन पुल चालू हो जाएगा। स्थानीय लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पुल से उनका जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

———वॉक्सपॉप———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर दौरा बिहार के लिए सौगातों की झड़ी लगा देता है। उन्होंने कहा कि राज्य की डबल इंजन की सरकार विकास की गारंटी बन गयी है।

———बाइट———

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर राज्य के अलग–अलग स्थानों से देश के प्रमुख शहरों के लिए बारह हजार स्पेशल ट्रेन चलाने

का फैसला किया है। बिहार के एनडीए नेताओं के साथ दिवाली और छठ पर्व के लिए रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद उन्होंने यह घोषणा की।

———बाईट———

इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रेलवे की इस पहल का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।

———बाईट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने आज पटना के बापू सभागार में आयोजित बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने वर्ष दो हजार पांच के बाद से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक काम किये हैं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का बजट बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये का हो गया है। श्री कुमार ने कहा है कि उनकी सरकार ने मदरसा शिक्षकों को समान वेतन देने का काम किया। जबकि पिछली सरकारों ने अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज किया है।

---

राज्य में दस साल पहले खोले गए करीब चौरासी लाख प्रधानमंत्री जन–धन योजना खातों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। लाभुकों के लिए तीस सितम्बर तक अपने बैंक खाते का सत्यापन–केवाईसी कराना जरूरी है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने बताया कि केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों के खाते निष्क्रिय हो जायेंगे। श्री जोशी ने स्पष्ट किया कि ये खाते बंद नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी आठ हजार तिरेपन पंचायतों में अभियान चलाकर इन खातों का केवाईसी करवाया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक ने ऐसे सभी खाताधारकों से केवाईसी अभियान में शामिल होने की अपील की है।

---

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, दो हजार पच्चीस संदन के दोनों सदनों से पारित हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी

वैष्णव ने आज विधेयक राज्यसभा में पेश किया, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी। इस विधेयक का उद्देश्य ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने के साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाना है। विधयेक में इसमें इस क्षेत्र के समन्वित नीतिगत सहयोग और निगरानी के लिए एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की नियुक्ति का प्रावधान है। विधेयक में लोगों को ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश, संचालन या सुविधा से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से सुरक्षा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

---

पश्चिम चंपारण संसदीय सीट से भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग विधेयक एक ऐतिहासिक विधेयक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह विधेयक पूरी पीढ़ी को सुरक्षा प्रदान करेगा।

———बाइट———

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को जारी मतदाता सूची पर इक्कीस दिन बाद भी अब तक किसी राजनीतिक दल ने दावा आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि एक सितम्बर तक दावा–आपत्ति की जा सकती है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया है।

———बाइट———

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इसके कारण मधुबनी, अररिया, सुपौल और किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी जिले के राजनगर में सबसे अधिक पचहत्तर मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार आज बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका, समस्तीपुर, वैशाली, गयाजी और नवादा जिले में अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका है।

———बाइट———

---

गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी समेत राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकतर नदियों के जलस्तर में कमी आई है। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत मिली है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट, मुंगेर और भागलपुर में घटा है।

---

इधर, मुंगेर जिले में गंगा नदी का जलस्तर घटने के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंदगी और सड़ांध के कारण महामारी फैल रही है। जिल के असरगंज प्रखंड में डायरिया के कई मामले सामने आये हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में धीरे–धीरे पानी निकल रहा है। इसके बाद  अब कई इलाकों में गंदगी का अंबार लग गया है। असरगंज प्रखंड के रजौन बांध पर शरण लिये लोगों के बीच डायरिया का प्रकोप दिख रहा है। कय, दस्त की शिकायत वाले कई लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, आज एक तेरह वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य बच्ची को डायरिया के लक्षणों के साथ तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने पूरे इलाके में ब्लिचिंग पाउडर और चूने का छिड़काव शुरू कर दिया है। साथ ही प्रभावित इलाके में मेडिकल टीम की तैनाती गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

निगरानी विभाग की टीम ने पश्चिम चंपारण जिले में नरकटियागंज के शिकारपुर थाने में तैनात महिला दारोगा प्रिती कुमारी और उसके एक सहयोगी को बारह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक केस के निपटारे के लिए रिश्वत की मांग कर रही थी। निगरानी के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि शिकारपुर थाना क्षेत्र के मलदहिया गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर जांच के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

---

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद–एनसीपीयूएल के तत्वावधान में कल से पटना के बापू सभागार में **विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के संदर्भ में उर्दू भाषा का भविष्य** विषय पर तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां इसका शुभारंभ करेंगे।

---

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के समीप एसएसबी ने अभियान चलाकर दो सौ किलो गांजा जब्त किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान महत्वकांक्षी औंटा–सिमरिया पुल परियोजना समेत तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा – दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के विभिन्न भागों से प्रमुख शहरों के लिए बारह हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई जायेंगी।

04. और, प्रदेश भर में प्रधानमंत्री जन–धन खातों के सत्यापन के लिए चलाया जा रहा है अभियान। लाभुकों से तीस सितम्बर तक केवाईसी कराने की अपील।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।